यूपी दिवसः उपराष्ट्रपति, मुख्यमंत्री ने सीएम युवा योजना का पोर्टल लॉन्च किया

युवा पांच लाख रुपये तक ब्याजमुक्त कर्ज ले सकेंगे

सौगात

लखनऊ, विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी को असीमित संभावनाओं वाला राज्य बताते हुए कहा कि इसकी अर्थव्यवस्था अगले चार वर्षों में 'वन ट्रिलियन डॉलर' की हो जाएगी। उन्होंने यूपी के एक लाख युवा उद्यमियों को पांच लाख रुपये का ब्याज मुक्त ऋण देने की योजना शुरू कर 25 हजार युवाओं के खाते में 254 करोड़ रुपये का ऋण वितरित किया। जल्द 75 हजार और युवा उद्यमियों को यह ऋण दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने अगले वित्तीय वर्ष से जीरो पावर्टी योजना लागू करने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने ये बातें शुक्रवार को अवध शिल्प ग्राम में आयोजित तीन दिवसीय यूपी दिवस समारोह के उद्घाटन समारोह में कहीं। 24 जनवरी से 26 जनवरी तक चलने वाले इस समारोह का उद्घाटन देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने किया। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की मौजूदगी में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) का शुभारंभ कर ई-पोर्टल लॉन्च किया और 25,000 युवा उद्यमियों को उद्योग की स्थापना के लिए ऋण और स्वीकृति पत्र वितरित किए।

प्रति वर्ष एक लाख युवा बन सकेंगे उद्यमी

लखनऊ में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को सम्मानित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

अवैध शरणार्थियों को गंभीरता से लेना होगा : उपराष्ट्रपति

लखनऊ। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने यूपी दिवस समारोह के दौरान देश में गैर कानूनी रूप से रह रहे शरणार्थियों की बढ़ती संख्या पर चिंता जताते हुए कहा कि वे व्यवस्थाओं को चुनौती दे रहे हैं। चुनाव के खेल में हिस्सेदार बनाने की सोच रहे हैं। पूरी दुनिया सचेत हो चुकी है, हमें भी इसे गंभीरता से लेना होगा। हमें कठोर कदम उठाना होगा। हर हाल में प्रतिकार करना होगा।

➤ ब्योरा P08

25 हजार युवाओं के बैंक खाते में 254 करोड़ रुपये जारी किए गए

75 हजार और युवा उद्यमियों को जल्द ही जारी की जाएगी कर्ज की रकम

" उत्तर प्रदेश के सभी निवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। विश्वास है कि प्रदेश समग्र विकास के पथ पर अग्रसर होगा।

–द्रौपदी मुर्मु, राष्ट्रपति

" राज्य के सभी भाई बहनों को ढेरों शुभकामनाएं। भरोसा है कि हमारा प्रिय प्रदेश विकसित भारत के निर्माण में अमूल्य योगदान देगा। –नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

प्रतिवर्ष बनेंगे 1 लाख युवा उद्यमी: योगी ने कहा कि इस योजना के तहत प्रतिवर्ष एक लाख युवाओं को उद्यमी बनने का मौका मिलेगा। 21 से 40 वर्ष की आयु के युवाओं को ब्याज मुक्त ऋण दिया जाएगा। पहले चरण में पांच लाख तक और दूसरे चरण में 10 लाख तक का ऋण मिलेगा। योजना के तहत अब तक 27,500 आवेदन मिल चुके हैं। अभी तक 254 करोड़ का कर्ज मंजूर हो चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'जीरो पावर्टी' लक्ष्य पाने के लिए प्रदेश में सर्वेक्षण चल रहा है। अगले वर्ष जब हम उत्तर प्रदेश दिवस मनाएंगे, तब हर गरीब के पास सिर छिपाने के लिए छत हो जाएगी। जमीन पट्टा हो, आयुष्मान, पेंशन जैसी सभी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यूपी सरकार जाति, भाषा या क्षेत्र के भेदभाव से उठकर हर गरीब, वंचित को हक दिलाने को प्रतिबद्ध है।

➤ छह विभूतियों का सम्मान P08